# आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरूवार 10.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदे"ा में सनातन धर्म की आड़ में लोगों से ठगी करने वाले छद्म भेषधारियों के खिलाफ 'ऑपरेशन कालनेमि' शुरू करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री ने कहा– रुद्रपुर में प्रस्तावित 1 लाख करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी, राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगी।
- अल्मोड़ा जिले में खत्याड़ी की महिलाओं ने दीदी की रसोई फूड वैन का संचालन शुरू किया।
- गुरु पूर्णिमा पर्व पर हरिद्वार में लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

**<u>ऑपरे"ान कालनेमी</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदे"ा में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले छद्म भेषधारियों के खिलाफ 'ऑपरेशन कालनेमि' शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां असामाजिक तत्व साधु–संतों का भेष धारण कर लोगों, विशेषकर महिलाओं को ठगने का कार्य कर रहे हैं। इससे न सिर्फ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सनातन परंपरा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में किसी भी धर्म का व्यक्ति यदि ऐसे कृत्य करता हुआ मिलता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा जिस प्रकार असुर कालनेमि ने साधु का भेष धारण कर भ्रमित करने का प्रयास किया था, वैसे ही आज समाज में कई "कालनेमि" सक्रिय हैं, जो धार्मिक भेष धारण कर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदे"ा सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आस्था के नाम पर पाखंड फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**<u>मुख्यमंत्री</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में प्रस्तावित 1 लाख करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भव्य और प्रभावशाली स्वरूप में आयोजित किया जाए, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नई गति और पहचान मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगा और उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को साढ़े तीन लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से

एक लाख करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देगा और राज्य की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा।

## कांवड़ मेला

प्रदे’’ा में कल से शुरु हो रही कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ियों की सुरक्षा और कांवड़ के नियमों का पालन कराने के साथ ही यात्रा को व्यवस्थित करने के पहले ही अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस बीच, ऊधमसिंह नगर जिले के का’’ीपुर में कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में कांवड़ मेला को लेकर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के अधिकारियों की अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि दोनों प्रदेशों के अधिकारी फोन नम्बर और ट्रैफिक डायवर्जन प्लान आपस में साझा कर लें और संवेदनशील और संयमित होकर कार्य करें। उन्होंने सभी से टीम भावना से कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सफल बनाने पर जोर दिया।

मुरादाबाद मण्डल के उप महानिरीक्षक मुनिराज जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पांच जिलो की सीमाएं उधमसिंह नगर जिले से मिलती है। इसलिए दोनों राज्यों की पुलिस, सीमा पर एक साथ ड्यूटी करें, ताकि आपस में संवाद बना रहें। उन्होंने कहा पुलिस क्षेत्राधिकारी, पुलिस निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर पर भी आपस में बैठकें और संवाद करते रहें।

## सिलेंडर फटा

ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में आज सुबह एक फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर के फटने से एक श्रमिक की मृत्यु हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। घायलों को नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और परिजनों से बातचीत की। मंडलायुक्त ने हादसे की जांच के लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं।

## दीदी की रसोई

अल्मोड़ा जिले के हवालबाग विकासखंड में विकास स्वायत्त सहकारिता समूह खत्याड़ी की महिलाओं ने दीदी की रसोई फूड वैन का विधिवत संचालन शुरू कर दिया है। फिलहाल यह वैन अल्मोड़ा नगर निगम के न्यू कार पार्किंग मॉल रोड से संचालित हो रही है। इसमें पहाड़ी खाद्य पदार्थ जैसे– भट्ट की चुड़कानी, डुबके, बड़ी, मंडुवे की रोटी, और झंगोरे की खीर के अलावा स्नैक्स और फास्ट फूड भी बनाया जा रहा है। वैन के संचालन से समूह से जुड़ी महिलाएं बहुत खुश नजर आ रही हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन हवालबाग की समन्वयक कमला जोशी ने बताया कि विकास स्वायत्त सहकारिता समूह खत्याड़ी से 240 महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में दीदी की रसोई वैन महिलाओं की आय संवर्धन के लिए कारगर सिद्ध होगी।

समूह से जुड़ी किरन कनवाल रसोई वैन में पहाड़ी खाना और फास्ट फूड बना रही हैं। उन्होंने कहा कि दीदी की रसोई से भविष्य में उनकी आजीविका में वृद्धि होगी।

**गुरु पूर्णिमा**

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर आज हरिद्वार में लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए पहुंचे। हर की पैड़ी स्थित ब्रह्मकुंड सहित नगर के सभी प्रमुख घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया और अपने गुरुओं को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। तीर्थनगरी के सभी आश्रमों, अखाड़ों में गुरु पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आश्रम–अखाड़ों में दूर–दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुरु पर्व मनाया। सभी ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर उनकी पूजा–अर्चना की।

गुरु पूर्णिमा का दिन सनातन धर्म में विशिष्ट स्थान रखता है। गुरु पूर्णिमा पर्व अपने गुरुओं, मार्गदर्शकों और शिक्षकों के सम्मान के लिए समर्पित है।

**मुख्यमंत्री निरीक्षण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने किरसाली चौक, आई.टी पार्क, ननूरखेड़ा, आमवाला, तपोवन और शांति विहार में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और कहा कि जनता की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन को प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से नालियों की सफाई करने और जलभराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतते हुए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय पुलिस बलों और सभी विभागों को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रिस्पॉन्स समय को कम से कम रखते हुए प्रभावित लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करें।

## <u>यूटीईटी</u>

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने उत्तराखंड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम और द्वितीय का आयोजन 27 सितंबर को राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर करने की घोषणा की। परिषद के सचिव वी.पी सिमल्टी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई से 5 अगस्त तक वेबसाइट **www.ukutet.com** पर जमा किए जा सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त है, जबकि आवेदन पत्रों में संशोधन 9 से 12 अगस्त तक किया जा सकता है। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।